# मारवाड़ क्षेत्रीय जनजाति विकास बोर्ड

## चर्चा में क्यों?

15 सितंबर, 2021 को जनजाति क्षेत्रीय विकास राज्यमंत्री अर्जुन बामनिया ने विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान बताया कि **मारवाड़ क्षेत्रीय जनजाति विकास बोर्ड** में जन-प्रतिनिधियों को भी परामर्शदाता के रूप में जोड़ा जाएगा।

## प्रमुख बिंदु

- उन्होंने बताया कि बोर्ड के माध्यम से जालौर, पाली तथा अन्य ज़िलों में शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छात्रावास भी स्वीकृत किये गए हैं।
- उल्लेखनीय है कि **मारवाड़ क्षेत्रीय जनजाति विकास बोर्ड** का गठन **2 फरवरी, 2021** को किया गया था।
- **मारवाड़ क्षेत्रीय विकास बोर्ड** का उद्देश्य जोधपुर संभाग के माडा, माडा कलस्टर एवं बिखरी जनजाति क्षेत्र के अनुसूचित जनजाति समुदाय का विकास करना है।
- यह बोर्ड जोधपुर संभाग में अनुसूचित जनजाति समुदाय के उत्थान एवं विकास के विषय में राज्य सरकार की स्थाई परामर्शदात्री संस्था के रूप में कार्य करेगा बोर्ड को इस संदर्भ में विशेष योजनाओं का निर्माण कर उन्हें जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग या अन्य विभागों के माध्यम से क्रियान्वित करने हेतु राज्य सरकार को संस्तुति प्रदान करने का अधिकार है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/marwar-regional-tribal-development-board